प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मंत्रिमंडल सहित दिल्ली रवाना होंगे। उनकी कल 20 फरवरी को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मालिकार्जन खड़गे और राहुल गांधी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में 16वें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के निर्णय से उत्पन्न स्थिति से केंद्रीय आलाकमान को अवगत करवाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस मुद्दे को लोकसभा में उठाने की भी हाई कमान से मांग करेंगे। मुख्यमंत्री ने आर डी जी के विषय में केंद्रीय वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री से भी मिलने का समय मांगा है जो अभी तक निर्धारित नहीं है।

विधानसभा बजट सत्र

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का पहला चरण कल समाप्त हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि ब्रेक के बाद अब विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत 18 मार्च से होगी। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के पहले भाग में तीन बैठकें तय की गई थी। सदन में कार्यवाही के दौरान इन बैठकों को बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं आया। अब आगामी बजट सत्र की कार्यवाही 18 मार्च से शुरू होगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार भारत व हिमाचल में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026–27 के लिए हिमाचल को कर हस्तांतरण के तहत 13 हजार 9 सौ 49 करोड़ आबंटित किए गए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले दशक में हिमाचल को कर डेवोल्यूशन के माध्यम से लगभग 76 हजार 7 सौ 99 करोड़ और अनुदान के रूप में एक दशमलव 41 लाख करोड़ से अधिक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता योजना के तहत वर्ष 2020–21 से जनवरी 2026 तक हिमाचल को 8 हजार 3 सौ 9 करोड़ रूपए से अधिक प्राप्त हुए हैं। इससे सड़कों, सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर निवेश सम्भव हुआ हे।

विश्व रिकॉर्ड

इंडिया एआई और इंटेल इंडिया ने एआई जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 24 घंटे में सबसे अधिक संकल्प प्राप्त करने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अंतर्गत 25 लाख से अधिक छात्रों ने संकल्प लिया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने देशभर के कॉलेजों, छात्रों और शिक्षकों से एआई को नैतिक और उसके उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने की प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

मंडी–शिवरात्रि

सात दिवसीय मंडी के अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान श्री राज माधोराय की अगवानी में मध्य जलेब आज निकाली जाएगी। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया इस भव्य जलेब में बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे। इस दौरान सेरी मंच पर आयोजित शिवरात्रि महोत्सव की चौथी सांस्कृतिक संध्या में भी विधानसभा अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

प्रशिक्षण.

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना में एक मार्च से 30 जून तक पाइथन और एसक्यूएल के साथ डेटा विश्लेषण विषय पर लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में पाइथन प्रोग्रामिंग और एसक्यूएल आधारित डेटा बेस का उपयोग सिखाया जाएगा जिससे प्रतिभागी डेटा का सही तरीके से

विश्लेषण कर सके। संस्थान के निदेशक के अनुसार बी.टेक, एम.सी.ए., बी.एस.ई. और आई.टी. से संबंधित विषयों के अंतिम वर्ष के छात्र इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 26 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।